खबर संक्षेप

नगर के प्रमुख स्थानों में अलाव की व्यवस्था शीघ्र की जाए

भुआबिछिया। नगर में इस समय कड़कड़टी ठंड के मौसम में नगर की अनेक स्थानों पर अलाव की आवश्यकता महसूस की जा रही है, किंतु अब तक की स्थिति में नगर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी पार्षद समाज सेवी का ध्यान इस ओर नही है, ठंड के मौसम को चालू हुए लगभग एक महीना के करीब होने जा रहा है ऐसे समय में स्थानीय बस स्टैंड यात्री प्रतिक्षालय घुटस रोड दानीटोला तिराहा वार्ड नंबर 14 वेयरहाउस कंपलेक्स जतीपुर सहित अनेक स्थानों पर अलाव की आवश्यकता महसूस की जा रही स्थानीय स्तर पर दिन से रात तक पूरा बस स्टैंड यात्रियों राह गीरों से भरा रहता है ऐसे समय में तेज ठंड ठंडी हवाओं के झोंके से आम जनमानस परेशान है प्रशासनिक अधिकारियों से अपेक्षा है समय रहते प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था शीघ्रता से करवाई जाए।

डीजे संचालक स्वयं ध्वनि की तीव्रता की मॉनिटरिंग करें

मण्डला। बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस, राजस्व एवं स्थानीय निकाय के अधिकारी अपने क्षेत्रों में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का गंभीरतापूर्वक पालन कराएं। सभी डीजे संचालकों को डेसिबल मापने वाला ऐप डाऊनलोड कराएं। डीजे संचालक स्वयं ध्वनि की तीव्रता की मॉनिटरिंग करें। संबंधितों की बैठक आयोजित कर उन्हें शासन के निर्देशों का पालन करने की समझाईश दें।

भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेई की सपना आज होगा पूरा

नैनपुर द्वारा उत्तर से जुड़ेगा दक्षिण

*** रेल सुविधा की मिल रही नई सौगात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

रेलवे बोर्ड के निर्णय अनुसार कन्याकुमारी से बनारस के बीच एक और सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात नैनपुर वासियों को मिलने जा रही है। उक्त यात्रीगाडी आज सुबह 10.20 बजे नैनपुर जंक्शन पहुंचेगी। नैनपुर जंक्शन से होकर चलने वाली है यह नई गाड़ी साप्ताहिक होगी। जो उत्तर भारत के बनारस से दक्षिण भारत के कन्याकुमारी तक का सफर तय करेगी। यात्री गाड़ी संख्या 16367 को काशी तमिल एक्सप्रेस ट्रेन के नाम से पहचाना जाएगा। यह पहली ट्रेन होगी जो उत्तर भारत से दक्षिण भारत को सीधा जोड़ देगी। जाहिर है कि जबलपुर नैनपुर गोंदिया ब्रॉडगेज रेल लाईन के निर्माण के बाद उत्तर से दक्षिण को रेल मार्ग से जोडने हेतु इस मार्ग को सबसे उपयोगी बताया गया था। अब इस ट्रेन की शुरुआत के साथ ही यह सपना साकार होने जा रहा है। काशी तमिल एक्सप्रेस सुपरफास्ट यात्रीगाडी का स्टॉपेज नैनपुर में दिया गया है। जिसकी उपयोगिता भी आने वाले कल में साबित होगी। उक्त ट्रेन बल्लारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, सतना के लिए वरदान साबित होगी।

रेलवे बोर्ड से जारी सूचना के मुताबिक रेलगाड़ी क्रमांक 16367 कन्याकुमारी से प्रत्येक गुरूवार सुबह 8.55 बजे चलेगी। जो 4 बजे गुडूर 1.44 बजे सिरपुर 4.05 बजे बल्लारशाह होकर सुबह 7.35 बजे गोंदिया रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। जहां से मात्र 10 मिनट रुककर 7.45 बजे रवाना होकर 10.20 बजे नैनपुर से होकर 1 बजे जबलपुर पहुंच जाएगी। जबलपुर में इस एक्सप्रेस ट्रेन को 10 मिनट का समय रूकने दिया गया है। जो 1.10 पर बजे रवाना होकर अपने गंतव्य की ओर दौड़ते 11.35 बजे रात्री में बनारस पहुंच जावेगी। वहीं उक्त एक्सप्रेस रेल गाड़ी क्रमांक 16 368 बनारस से प्रत्येक रविवार के दिन शाम 4.55 बजे रवाना होगी जो दूसरे दिवस सोमवार की सुबह 3.30 बजे जबलपुर पहुंच जावेगी। अपने निर्धारित गति में दौड़ते नैनपुर प्लेटफार्म में 10 मिनट रूक कर 8.03 बजे सुबह गोंदिया पहुंचेगी। यह सुपरफास्ट काशी तमिल रेल एक्सप्रेस मंगलवार की शाम रात्रि 8.55 बजे कन्याकुमारी पहुंच जावेगी।

इस एक्सप्रेस रेल के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कन्याकुमारी से रवाना होकर नागरकोइल, तिरूनेलवेली, विरूदुनगर, मदुरै, डीगीडुल, तिरूचिरापल्ली, तंजाबुर, कुंबकोनम, मैलादुतुराई, विल्लुपुरम, चैगलट्टू, कोचीपुरम, आराक्कोरनम, पेरम्बूर , नेल्लोर , ओंगल , तेनाली, विजय बाडा, खम्मम, वारंगल , सिरपुर, रबागाज नगर, बल्लारशाह से होते हुए गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर , सतना, मानिकपुर, प्रयागराज, छिबकी से बनारस में रूकेगी। इस अति महत्वपूर्ण सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेल के संचालन से लंबी दूरी की यात्रा बनारस से कन्याकुमारी तक का सफर कम समय और कम खर्चे में पूरा हो सकेगा । नैनपुर क्षेत्र वासियों को इस नई काशी तमिल एक्सप्रेस से जबलपुर मैहर बनारस के अलावा गोंदिया, बल्लारशाह और दक्षिण व उत्तर की ओर सुगम यात्रा का लाभ मिल सकेगा।

22 कोचों से सुसज्जित होगी ट्रेन

इस ट्रेन के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार यह ट्रेन वातानुकूल प्रथम -1, वातानुकूल टु टियर 2, वातानुकूल थ्री टियर 3, वातानुकूल थ्री टियर इकोनॉमी 3, स्लिपर 6, पेंट्रीकार 1, द्वितीय श्रेणी साधारण जनरल 4, एसएलआर 1, जनरेटर वैन 1 कुल 22 कोच शामिल किये गए जा रहे हैं। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर इस ट्रेन में यात्रियों का सफर सुविधा और आरामदायक माना जा रहा है।

इंडिया आर्ट फेस्टिवल में रही अम्बर की पेंटिंग्स की धूम

*** अम्बर ने आध्यात्म पर आधारित अपनी कला कृतियों से कला प्रेमियों को किया हैरान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

बेंगलुरु में 14 दिसंबर से 17 दिसंबर तक प्रतिष्ठित इंडिया आर्ट फेस्टिवल आयोजित किया गया। देश के इस सबसे बड़े आर्ट शो में दुनिया भर के नामचीन आर्ट के बायर और क्रिएटर शिरकत करते हैं। इस फेस्टिवल में नए कलाकारों को प्रोत्साहन मिलता है। 25 आर्ट गैलरी में आयोजित इंडिया आर्ट फेस्टिवल में 400 कलाकारों द्वारा 3500 कार्य प्रदर्शित किए गए। इस में मंडला की अम्बर अग्रवाल ने भी अपनी कला कृतियां प्रदर्शित की। इतनी प्रतिष्ठित कला समागम में मंडला की बेटी अम्बर की कला कृतियों के प्रदर्शित होने ने मंडला के कला प्रेमियों में हर्ष है। अम्बर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय गुलाब चंद्र अग्रवाल की पोती और अरविंद अग्रवाल व श्रीमती अन्नपूर्णा अग्रवाल की बेटी है। अंबर अग्रवाल कांसेप्चुअल आर्ट में काम करती है। इसमें ओल्ड स्टाइल आर्ट और कंटेंपरेरी आर्ट दोनों का समावेश है। उनका इंस्पिरेशन शंख है, जो बहुत से जीवन के पहलुओं को दर्शाता है। जैसे अधर्म के आगे आवाज उठाना, खुद को एक्सप्रेस करना और यूनिवर्स की एनर्जी से कनेक्ट होना। उनके काम में बहुत सारे जीवन के आध्यात्मिक पहलू को दर्शाया गया है। अम्बर ने अपनी कला के जरिए इतने बड़े अंतर्राष्ट्रीय मंच पर मंडला का नाम रोशन कर मंडलावासियों को गौरवान्वित किया है। अम्बर के पिता अरविंद अग्रवाल भी अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व की अनुभूति कर रहे है।

अम्बर अग्रवाल ने आई ए एफ (IAF) में आध्यात्म पर आधारित 5 पेंटिंग प्रदर्शित की। इसमें ₹द वॉइस ऑफ़ क्रिएटर₹ *(THE VOICE OF CREATOR)* जो एम्बर की प्रेरणा शंख को दर्शाती है। शंख जो कि समुंद्र मंथन में समुद्र से से निकला और जिसे विष्णु जी ने धारण किया जो दुनिया के कर्ता है। इसी वजह से इस पेंटिंग को *द वॉइस ऑफ़ क्रिएटर* नाम दिया गया। यहां विष्णुजी कृष्ण के अवतार में अपना पंचजन्य शंख महाभारत रण में अधर्म के विरुध बजाते हुए दर्शाए हैं। एक ग्रीक धर्म फिगर ट्रीटन दिखाया है जो अपने शंख से समुद्र को कंट्रोल करता था।

80 धार्मिक स्थलों पर नियमानुसार लाउडस्पीकर की संख्या कम किये गये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

मध्यप्रदेश शासन द्वारा सर्वोच्च न्यायालय एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ जबलपुर द्वारा ध्वनि प्रदूषण विनिमय एवं नियंत्रण के लिये जारी निर्देशों के पालन में धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों जैसे लाउडस्पीकर, डीजे संबोधन प्रणाली के अनियंत्रित व नियम विरुद्ध प्रयोग पर नियंत्रण के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं। प्राप्त निर्देशानुसार मंडला पुलिस द्वारा समस्त थाना एवं चौकियों में सभी समाज प्रमुख, शांति समिति के सदस्यों, धर्मगुरुओं एवं डीजे संचालकों के साथ बैठक कर धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में नियमानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया। अतः समाज के प्रमुखों एवं सभी धर्म प्रमुखों को मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जायें। साथ ही शासन के निर्देश तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का पालन सामूहिक सहभागिता से करने की प्राथमिकता दी जाए। बैठक के दौरान सभी ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए शासन के निर्देशों के पालन करने में अपनी सहमति व्यक्त की।

अनेक धर्मस्थलों पर स्वेच्छा से लाउडस्पीकर हटाए

मध्यप्रदेश सरकार का धार्मिक स्थलों से तेज आवाज के बजाने वाले लाउडस्पीकर हटाने के आदेश के बाद कलेक्टर कार्यालय में भी सभी गुरुओं की पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारों के साथ बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने धर्म गुरुओं के साथ मिलकर प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश का पालन करने में सहयोग करने की अपील की थी। जिसका असर देखने को मिला एवं मंडला पुलिस के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वारा समन्वय बनाकर लगभग 80 धार्मिक स्थलों पर नियमानुसार लाउडस्पीकर की संख्या कम की गई एवं आदेश का सम्मान करते हुए अनेक धर्मस्थलों पर स्वेच्छा से लाउडस्पीकर पूर्णतः हटाए गये।

राम मंदिर से निकली गई भव्य अक्षत कलश यात्रा, कराया गया नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया

भुआ राममंदिर से अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा विश्व हिंदू परिषद एवं सनातनी समाज के द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा राम मंदिर भूआ से खेर माई मंदिर भुआ, होते हुए दानीतोला तिराहा मुख्य मार्ग से होकर बिछिया खेरमई मंदिर और सांई मंदिर घुटास तिराहा से होते हुए गांधी गेट मुख्य तिराहा से राम मंदिर में जाकर समाप्त हुई, शोभा यात्रा में अक्षत कलश लिए हुए धर्माव लंबियों और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता के साथ-साथ नगरवासियो ने कलश सर पर रखकर नगर में भ्रमण करने का सौभाग्य हासिल किया, इस पुनीत कार्य को करने के लिए राम मंदिर समिति एवं विश्व हिंदू परिषद सनातनी समाज के द्वारा लगातार लंबे समय से प्रयास किये जा रहे हैं, नगर में कलश यात्रा का भ्रमण कराया गया है कल बंजारी घाट से लेकर गांधी द्वार तक कलश को भ्रमण कराया गया यह सिलसिला 22 जनवरी तक जारी रहेगा पूरे गांव-गांव के मंदिरों में कलश यात्रा का भ्रमण कराया जाएगा।

आयोजन | **भागवत कथा में प्रथम दिन भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन**

सात दिवसीय अष्टलक्ष्मी महायज्ञ का शुभारंभ

*** 25 दिसम्बर तक चलेगा यह अनुष्ठान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिला मुख्यालय स्थित देवदरा मेहर बाबा कुटी प्रागंण में आयोजित श्री अष्टलक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण का संगीतमय आयोजन आरंभ हुआ। प्रातः 10 बजे यजमानों को महायज्ञ की विधि से परिचय कराते हुए वैदिक मंत्रों के साथ महायज्ञ का आव्हान किया। लगभग 4 घंटे तक लगातार मंत्रो के साथ पूजन अर्चन करते हुए श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ का आव्हान हुआ और यजमानों ने यज्ञ स्थल में प्रवेश किया वहीं दोपहर 2 बजे से कथा माहात्मय का व्याख्यान करते हुए कथावाचक पं. नीलू महाराज ने उपस्थित प्रधान यजमान, यजमान एवं धर्मप्रेमियों से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा पुराण में सभी ग्रंथों का सार है और यही एक ऐसा ग्रन्थ है जिसमें भगवान की सभी लीलाओं का वर्णन किया गया है। यह बाते हम सभी जानते हैं और हर कथाओं में सुनने को भी मिलती है मगर कथा श्रवण के बाद उस पर अमल करने से ही पुण्य प्राप्त होता है। भागवत महापुराण में भक्त को मरने से पहले क्या कर्म करे कि अपनी मुक्ति को प्राप्त कर सके उस सुगम मार्ग का मार्गदर्शन केवल भागवत महापुराण में मिलता है। भगवान की भक्ति से मोक्ष की प्राप्ति करने का सबसे सरल उपाय राम नाम संकीर्तन है। श्रीअष्टलक्ष्मी एवं श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का संगीतमय आयोजन यज्ञ सप्ताह का आयोजन 25 दिसंबर तक किया गया है। जिसकी शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई। कथा के पहले दिन महिलाओं के द्वारा सैकड़ो की संख्या में कलश यात्रा में अपनी सहभागिता दर्ज कराई गई। श्रीमद् भागवत कथा में रोजाना सुबह 9 बजे से सामूहिक महायज्ञ का आयोजन बनारस से पधारे वैदिक विद्वानों व आचार्य संतोष शास्त्री जी महाराज एवं आशीष पांडे महाराज व पंडित ओमप्रकाश महाराज के वैदिक विधि से यज्ञ कराया जा रहा है। साथ ही सात दिनों तक चलने वाली सप्ताह ज्ञान यज्ञ में श्रीमद्भागवत महापुराण का मूल पाठ भी कराया जा रहा है। जिसमें दर्जनों जोड़े भाग ले रहे हैं। भागवत कथा मे भगवान श्रीकृष्ण की जीवन गाथा का वर्णन किया है और जन्म से लेकर अंत तक जो अभिनव लीला भगवान ने रची उसका वर्णन है दुष्ट और अशुभ शक्तियों का विनाश किया है कर्म के अनुसार भक्ती प्रेम देकर दुष्टों को दंड दिया है एवं उनका संहार किया है। वहीं जो अच्छे कर्म करेंगा उसे अच्छा फल मिलेगा बुरा करोंगे बुरा सबक मिलता है। श्रीमद्भागवत महापुराण एक अपूर्व धार्मिक ग्रंथ है। इस महान ग्रन्थ में भगवान के अवतारों में यज्ञ, बुद्ध और कल्कि को छोड़कर अन्य सभी कथाओं का विस्तृत वर्णन किया गया है। दशम स्कन्ध में वर्णित भगवान श्रीकृष्ण की सुमधुर मंगलमयी कथाएं तो भक्त-हृदय को अत्यधिक प्रिय हैं। अष्टलक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ में गौर गणेश का पूजन किया गया। यह गौर गणेश की गोबर की मूर्ति भारत की सबसे बड़ी गौशाला जडखोर राजस्थान की गौशाला से लाई गई है यह गौशाला श्रीकृष्ण की नित्य गौ चरण स्थली है। चंद्र सरोवर गोवर्धन से जल और मिट्टी लाई गई है यहां चंद्रमा का प्राकट्य हुआ था। साथ ही मानसी गंगा का जल और श्री राधा कुंड का जल गोवर्धन परिक्रमा मार्ग से लाया गया है। यज्ञ शाला के अंदर के कलशों में 35 पवित्र नदियों का जल एवं चार समुद्रों का जल एवं 24 तीर्थों की मिट्टी छोड़ी गई है जिनमें नैमिसारन्य, काशी, वृंदावन, चारों धाम, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम, द्वारिका, बद्रीका धाम, हरिद्वार, रेवा सागर संगम पुष्कर की मिट्टी प्रमुख हैं। जो यहां यज्ञ के दौरान देखने को मिल रही है। अद्भुत होगी नवग्रह बाटिका सूर्य ग्रह के उत्पत्ति स्थल कोणार्क उड़ीसा से मिट्टी लाकर अकोना का पौधा लगाया गया है। चंद्र की उत्पत्ति चंद्र सरोवर परसोली गोवर्धन से मिट्टी लाकर पलास का पौधा लगाया गया है। मंगल की उत्पत्ति मंगलनाथ उज्जैन में हुई जहां से मिट्टी लाकर खैर या गुडहल का पौधा लगाया गया। बुध के लिए बोध गया से मिट्टी लाकर अपामार्ग का पौधा लगाया गया है। गुरु के लिए सिंधु या गुरुग्राम से मिट्टी लाकर पीपल का पौधा लगाया गया है। शुक्रके लिए भोजकट गुजरात से मिट्टी लाकर गूलर का पौधा लगाया गया है शनि के लिए सिगनापुर से मिट्टी लाकर शमी का पौधा लगाया गया है। राहु और केतु के लिए उज्जैन से मिट्टी लाकर दूब और कुश के पौधे लगाए गये हैं। श्रीअष्टलक्ष्मी महायज्ञ में कथा सुनने सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी कार्यक्रम स्थल पहुंचे।

जंगली खेड़ा मंगली में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

भुआबिछिया। ग्राम जंगलीखेड़ा (मंगली) में दो दिवसीय बॉलीवाल प्रतियोगता का आयोजन किया गया। जिसमें अनंत सिंह राठौर जनपद सदस्य, अक्षय परते, थाना प्रभारी दीपक पांडे, ने रिबिन काटकर उद्घाटन किया। श्री राठौर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास होता है। खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। थाना प्रभारी दीपक पांडे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर करन सिंह धुर्वे, बिरझू धुर्वे, महेश तेकाम, होमन मरकाम, साधु मरावी, देवसिंह तिलगाम, लक्ष्मण सिंह धुर्वे, नेम सिंह मरकाम, रन्नू परते, सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद रहे।

मानदेय भुगतान कराने सहायक आयुक्त से मिले अतिथि शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/निवास



बीजाडांडी विकासखंड के अंतर्गत सैकड़ों अतिथि शिक्षकों का बढ़ा हुआ मानदेय सितंबर 2023 का नहीं किया जा सका है,जिसके कारण अतिथि शिक्षकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।इस मांग को लेकर ब्लाक संगठन के पदाधिकारियों ने बी ई ओ बीजाडांडी कार्यालय पहुंचकर मुलाकात भी की है। बावजूद इसके भुगतान की कार्यवाही अब तक भी नहीं की गई है।

ज्ञात हो कि सितंबर 2023 के मानदेय का भुगतान जल्द कराने की मांग को लेकर अतिथि शिक्षक परिवार मंडला के जिला अध्यक्ष पी डी खैरवार ने 18 दिसंबर को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग मण्डला से मुलाकात कर आग्रह किया है। स्थानीय अतिथि शिक्षकों से मिली सूचना के आधार पर सहायक आयुक्त से बताया गया है,कि इसी साल चुनाव के पहले अतिथि शिक्षकों का मानदेय दोगुना कर दिया गया है। सितंबर 2023 से ही दिये जाने जिसके लिए आदेश भी हुए हैं। जिसको बीईओ कार्यालय बीजाडांडी के द्वारा नहीं मानते हुए सितंबर के स्थान पर अक्टूबर से बढ़ा हुआ मानदेय भुगतान किया गया है। सितंबर का पुराने दर से ही भुगतान किया गया है।जबकि आदेशानुसार सितंबर 2023 से ही बढ़ा हुआ मानदेय भुगतान करना था। जबकि इस विकासखंड के अतिथि शिक्षकों को छोड़कर जिले भर के अतिथि शिक्षकों को सितंबर के महीने से ही बढ़ा हुआ मानदेय भुगतान किया जा रहा है।सहायक आयुक्त जागेत ने आस्वासन दिया है कि बीईओ को निर्देशित कर भुगतान कराये जाने की कार्यवाही की जाएगी।

खबर संक्षेप

शिक्षण संस्था में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूजज/कौड़िया। स्थानीय शासकीय कन्या हाईस्कूल में अखिल भारतीय महिला परिषद दिव्या शाखा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। बताया जाता है कि इस शिविर में लगभग 125 छात्राओ के स्वास्थ्य की जांचे की गई और दवाएँ वितरित की गई। वही शिविर का विधिवत शुभारंभ ग्राम के गणमान्य नागरिकों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र का पूजन कर किया गया तदोपरांत अतिथियों का स्वागत प्राचार्य जयमोहन शर्मा सहित शिक्षको व छात्राओ ने किया। कार्यक्रम मे प्राचार्य जयमोहन शर्मा ने स्वागत भाषण में कहा कि प्रसंन्नता की बात है कि जैन महिला मंडल द्वारा स्कूल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर पुनीत कार्य किया जा रहा है। उदघाटन कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ राजकुमार रघुवंशी, उमाशंकर अग्रवाल, अशोक पटैल , अरविंद अग्रवाल, उमाशंकर अग्रवाल , मनोज वसा , अजय खत्री ने उपस्थित होकर स्वास्थ्य शिविर के आयोजन पर खुशी जताई। शिविर में बीएमओ डॉ ए पी सिंह के मार्गदर्शन में डॉ सीमा वर्मा, डॉ नीरज गुप्ता,भौतिक जैन, डॉ योगेश तिवारी, त्रिभुवन प्रताप सिंह कौरव सहित नर्स सरिता यादव, संगीता मरावी का योगदान रहा।

ओवर लोडिंग डम्फरो की मनमानी से घटित हो सकती है बड़ी घटना

हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी। इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र के नदियों में बैध व अवैध रूप से जो रेत का खनन चल रहा है उसके चलते जहां शासकीय संपदा का दोहन होते हुए तो देखा ही जा रहा है। वही दूसरी ओर क्षेत्र के नदियों का भविष्य भी पूर्णरूप से संकट में नजर आ रहा है? मगर इसके बाद भी क्षेत्र की जनता का चुप रहना चिंता क विषय बना हुआ है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र की सड़कों पर रेत ढोले वाले वाहनों में जिस प्रकार से ओवर लोडिंग करते हुए रेत की ढुलाई की जा रही वह आम लोगों को परेशानी का कारण बनाते हुए किसी दिन बड़ी दुर्घटना को अंजाम देने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस संबंध में बताया जाता है कि गाडरवारा करेली मार्ग हो या फिर क्षेत्र के अन्य मार्गो से ढोई जा रही रेत के डम्फरों की स्थिति इस प्रकार से देखने मिलती है कि उनको इस प्रकार से भरा जाता है कि जब वह डम्फर अपनी गति से दौड़ते है तो रेत के उड़ने के कारण आसपास से गुरजने वाले छोटे वाहनों चालकों की आंखों में रेत भरने से उन्हें वाहन चलाना मुश्किल हो जाता है। वही रेत की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई देखी जा रही है कि व सड़कों पर गिरने के कारण वाहन आये दिन फिसलते हुए नजर आते है। मगर इसके बाद न तो पुलिस द्वारा इस प्रकार से लोडिंग रूप से रेत लेकर दौड़ने वाले वाहनों के खिलाफ कोई कदम उठाया जा रहा है कि न परिवहन विभाग द्वारा जिसके चलते सड़को पर रेत गिरने के चलते आये दिन घटनाएं घटित होते हुये दिखाई दे रही है। इस तरह प्रशासन की उदासीनता के चलते ओवर लोडिंग वाहनों के चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

थाने के सामने आवारा सुअरों की धमाचौकड़ी

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जहां एक ओर नगर का साफ सुधरा बनाने के लिये नपा अध्यक्ष द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है, मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा जहां तहां फैलाई जा रही गंदगी के चलते नगर पालिका की मुहिम को ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के ठीक पुलिस थाने में सामने देखने मिल रही है जिस प्रकार से नगर के पुलिस थाना सहित तहसील कार्यालय के ठीक सामने की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि यहां पर कचरे का साम्राज्य स्थापित होने के कारण आवारा सूअर यहां पर अपनी मटर गस्ती करते हुए वाहन चालकों की जान को खतरे में डालने से नही चूक रहे है? बताया जाता है कि जिस स्थान पर यह कचरा पड़ा हुआ है उसी स्थान के पास राजस्व विभाग के कर्मचारियों का कार्यालय के साथ साथ लोगों के पीने हेतु सार्वजनिक नल भी लगा हुआ है, जहां पर कचरे की उठती हुए बदबू के बीच आमलोग इस नल से पानी भरने के लिए मजबूर तो हो ही रहे है ।

क्षेत्र की सड़कों पर फिर दिखाई देने लगे मौत का सायरन बजाते हुये डबल ट्राली के ट्रेक्टर

हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।

जहां एक ओर आये दिन आरटीओं से लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को छोटे मोटे वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढाते हुये उनके खिलाफ कार्यवाही करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर दूसरी ओर हर साल देखा जाता है कि जिस तरह खुलेआम नियमों को दर किनार करते हुये एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली का उपयोग करने वालों को िजध्ममेइरी अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जाता है वह निश्चित ही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनने से नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस वर्ष गन्ना का सीजन शुरू होते हुये फिर क्षेत्र की सड़को पर एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये मौत का सायरन बजाते हुये दिखाई देना शुरू हो गया है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह ट्रेक्टर कोई किसानों के नही होते है यह तो दूसरे प्रांत से आये हुये उन लोगों के होते है जो अपने निजी स्वार्थ व डीजल बचाने के चक्कर में धड़ल्ले से नियमों को दर किनार करते हुये लोगों की जिन्दगी के साथ खिलबाड़ करते हुये देखे जाने के बाद भी इनकी मनमानी को अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जाना निश्चित तौर से संरक्षण की मुद्रा की ओर संकेत देने से नही चूक रहा है? क्योंकि प्रतिवर्ष देखा जाता है कि गन्ना सीजन शुरू होते ही क्षेत्र की सड़को पर गन्ना ढोने वाली डबल ट्रालियों की धमाचौकड़ी शुरू हो जाती है जो इस वर्ष भी शुरू हो चुकी है। इस तरह एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाना जहां यातायात नियमों के खिलाफ माना जाता है। मगर इसके बाद भी पुलिस लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज किया जा रहा है वह निश्चित तौर एक बड़े खतरे की ओर संकेत देते हुये जान पड़ रहा है। क्षेत्र की सड़को पर डबल ट्राली लगाकर चलने की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये वर्षो में डबल ट्रालियों के संचालन से क्षेत्र में अनेक घटनाएं घटित होते हुये देखी जा चुकी है जिसमें जहां अनेक लोगों को अपनी जिन्दगी गबाने के लिये मजबूर होना पड़ा है या फिर घटनाओं के शिकार होकर अपनी अपंगता के चलते उनका जीना दुभर होने से नही बच पाया है, कुछ इसी तरह का इस वर्ष पुनः देखने मिलना शुरू हो चुका है? इस समय क्षेत्र की सड़कों पर बाहर से आये हुए लोगों द्वारा अपने स्वार्थ व कमाई के चलते खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये डबल ट्रालियों का उपयोग करते हुए लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है। जबकि बीते हुये वर्षो में क्षेत्र के लोगों द्वारा इसका विरोध किया गया था तो उस समय यहां पर तैनात रहे कर्त्तव्य निष्ठ पुलिस से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारियों ने इस तरह डबल ट्रालियों के संचालन पर तुरंत रोक लगवाते हुये सख्त कार्यवाही की गई थी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लग गया था। मगर इस वर्ष फिर सड़कों पर दौड़ रही इस प्रकार से नियम विरूद्व डबल ट्रालियों को लेकर मीड़िया के केमरों पर रौब झाड़ने वाले अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से उदासीनता बरती जा रही है उसे देखकर तो यह जान पड़ रहा है कि शायद गन्ना मिलों से मिलने वाली लक्ष्मी रूपी मिठी सुगंध के चलत अधिकारियों को आम लोगों की जिन्दगी से कोई लेना देना नही रह गया है? शायद इसी का परिणाम में है कि क्षेत्र की सड़कों पर यातायात नियमों के विपरीत डबल ट्रालियाँ लगाकर दौड़ाने वालों के हौसले बुलंद होना शुरू हो चुके है। जबकि देखा जावे तो पूर्व के वर्षो में जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस तरह की मनमानियों को गंभीरता से लेते हुये इस तरह नियम विरूद्व दौड़ने वाले डबल ट्राली ट्रेक्टरों के संचालन पर कार्यवाही करते हुये रोक लगाई गई थी। मगर इस वर्ष प्रशासन की उदासनीनता के चलते आम लोगों की जिन्दगी जहां लगातार खतरे में दिखाई दे रही है। वही दूसरी ओर बाहर से आये हुए लोगों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है कि वह नगर सहित गाडरवारा, सांईखेड़ा, सालीचौका, कौड़िया, चीचली, पलोहा मार्ग सहित क्षेत्र की अन्य सड़कों पर खुलेआम एक ट्रेक्टर में डबल ट्रालियों का उपयोग करते हुए देखे दिखाई देने लगे है। इस समय देखने मिल रहा है कि क्षेत्र के गाडरवारा, सांईखेड़ा, सालीचौका, चीचली, कौडिया, बोहानी, खुलरी, पलोहा, बारहाबड़ा सहित संपूर्ण क्षेत्र में बाहर से आये हुए लोगों द्वारा अपने स्वार्थ व कमाई के चलते खुलेआम एक ट्रेक्टर में गन्ने से भरी हुई डबल ट्राली लगाते हुए सड़कों पर दौड़ाने से नही चूक रहे है जो यातायात नियमों की धज्जियाँ उढ़ाते हुये आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा बनते हुये देखे जा रहे है? इस संबंध में जब क्षेत्र के जागरूक लोगों से चर्चा की गई थी तो उनका कहना है कि यह बात सत्य है कि एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर उनका उपयोग करना पूर्णरूप से नियम के विरूद्व है इतना ही नही इस प्रकार से डबल ट्रालियों के चलते आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा होने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर कानून के जानकारों का कहना है कि किसी वाहन में अपने निर्धारित मापदंडो के अतिरिक्त उसका संचालन किया जाता है तो वह निश्चित ही नियम विरूद्व माना जाता है और इस प्रकार से एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर परिवहन करना गलत तथा इनसे आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा होने की बात से इंकार नही किया जा सकता है? यदि समय रहते हुये यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार से क्षेत्र की सड़को पर दौड़ रही नियम विरूद्व डबल ट्रालियों के खिलाफ मुहिम शुरू नही की गई तो निश्चित क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

पंचागदान रोजगार दान के बराबर और कोई दान नही - बसेडिया

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेडिया द्वारा प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी सतत पन्द्रह दिवस सेवा संकल्प की शुरूआत की गई है जिसके प्रथम दिवस मां रेवा में कन्याओं का पूजन कर उन्हें वस्त्र,श्रृंगार, पठन लेखन सामग्री प्रदान कर सेवा कार्य का शुभारंभ कर संकल्प लिया। बताया जाता है कि इसी क्रम में विवाह पंचमी की पूर्व संध्या पर नगर में मंदिरों के शास्त्री जनो ,विप्र देवो के चरण पखारकर पुष्पवर्षा कर पूजन करने के साथ उन्हें भेंटस्वरूप नवीन संवत्सर पंचाग, श्रीफल, कैलेंडर,धार्मिक पुस्तकें, के साथ अन्य उपहार प्रदान कर आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान बसेडिया ने बताया कि बीते हुये वर्षों से सतत पन्द्रह दिवस मंच, माला से दूर रहकर नर्मदा तटो पर कन्याओ को पठन लेखन सामग्री और वृद्धजनो को कंबल , ब्राह्मणजनो को पंचाग प्रदान कर कामाख्या धाम असम से लेकर सलकनपुर विजयासन धाम तक सतत कन्याओं की सेवा,वृद्ध ,दिव्यांग ,सेवा के साथ पौधारोपण, बनांचल व तीर्थ क्षेत्रों में कंबल, मच्छर दानी, गर्म कपड़े ,राशन आदि प्रदान कर सतत मानव सेवा की जाती है। इसी प्रकार से उनके द्वारा इस वर्ष भी की जा रही है।

खुले मैदान में विक्रय होने वाली मांस मछली के खिलाफ नपा ने छेड़ी मुहिम, टीम का गठन कर जा रही है कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

प्रदेश के नव िनयुक्त मुख्यमंत्री द्वारा खुले मैदान में विक्रय होने वाले मांस मछली पर रोक लगाने के िलये सभी िजला कलेक्टरों को सख्त आदेश देते हुये कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। इसी निर्देश के परिपालन में स्थानीय मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान व नगर पालिका अधिकारी शिवाकांत मिश्रा द्वारा भी नगर में खुले मैदान में विक्रय होने वाले मांस मछली पर रोक लगाने के लिये कार्य हेतु नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों व अधिकारियों की एक टीम का गठन किया गया है। इस तरह बनाई गई टीम में संजय श्रीवास को नोडल अधिकारी तो प्रमोद चौहान को सहायक नोडल अधिकारी के आलवा राकेश कोरी, संजय व्यास, महेन्द्र सोनी, विपुल जैन, हीरालाल मेहरा, गोविदं पटैल संदीप राजपूत, जय कुमार वंशकार, मनोल बाल्मिक, सिद्वांत खरे, सूरज सोनी, सतीश बाल्मिक, अमित, जगदीश, अभिषेख, देवीराम, विशन, लक्ष्मी प्रसाद, दीपक खडेतिया श्रीमति त्रिवेणी नौरिया, श्रीमति उषा श्रीवास, श्रीमति प्रियंका, श्रीमति गंगाबाई कौरव, श्रीमति हरिबाई नौरिया को शामिल किया गया है। इस टीम द्वारा बीते हुये सोमवार को नगर के राजेन्द्र बाबू वार्ड के आलवा अन्य दुकानों पर छापा मारते हुये खुले मैदान में विक्रय हो रही लगभग 2000 किलो मछली जप्त करने के साथ उनका विनष्टिकरण किया गया है। वही अनेक दुकानदारों को खुले में इस तरह मांस मछली विक्रय न करने के निर्देश दिये गये। मगर देखा गया कि नगर के रेलवे स्टेशन से चीचली मार्ग की ओर जाने वाले एक शासकीय शिक्षण संस्था के सामने जिस तरह नगर पालिका की टीम द्वारा बंद कराई गई दुकाने चंद मिनिट उपरांत वह पुनः जैसी के तैसी नजर आने से नही चूकी तो दूसरी ओर यहां की हालत इस तरह है कि मछली विक्रय करने वालों द्वारा यहां पर खुले मैदान में मछली का विक्रय करने के साथ साथ यही पर उनको भूंजते हुये देखा जाता है। इस तरह आग में मछली को भूंजने के कारण जहां संपूर्ण क्षेत्र उनकी दुर्गन्ध से परेशान होते हुये देखे जाते है तो कुछ इसी प्रकार का हाल नगर की पानी टंकी के टीम सामने का देखने मिलता है। इस संबंध में नगर पालिका द्वारा बनाये गये नोडल अधिकारी संजय श्रीवास का कहना है कि शासन के निर्देश अनुसार अब नगर पालिका टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जावेगी। वही जो लोग बगैर लाईसेंन्स के मांस मछली विक्रय कर रहे है उन्हें शीघ्र ही लाईसेन्स बनबाने के निर्देश देते हुये निर्धारित जगह पर मांस मछली विक्रय करने के लिये हितायत दी गई है।

सड़कों पर धडल्ले से नाबालिग किशोर दौड़ा रहे है वाहन, चैकिंग के नाम पर जारी होने वाले आदेश हो जाते है दरकिनार

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या और तेज गति से वाहनों का सड़कों पर दोड़ना वैसें ही दुर्घटनाओं का आमंत्रण देते दिखाई दे रहा है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर की सड़कों पर जिस प्रकार से नाबांलिग किशोरों को दो पहिया वाहन दौड़ाते हुए देखा जाता है उससे उनकी जान को तो खतरा बन ही रहा है साथ ही साथ दूसरों की जान को भी खतरा पैदा करते हुए देखा जा रहे है? जिसमे प्रमुख रूप से देखा जावे तो कम उम्र के बच्चों द्वारा दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहन चलाना दूसरो के लिए खतरा बना हुआ है। क्योंकि इस समय नगर में देखा जावे तो अनेक जगहों पर 12 वर्ष सें लेकर 16 वर्ष की आयु वालें सैकड़ों किशोर व किशारियाँ वाहन चलाते हुये आसानी से दिखाई दे जाते है। इसे अभिभावक का बच्चों के प्रति लगाव कहे या भौमिकवाद की दौड़ में दिखावा जो बिना लाईसेंस के वाहन चला रहे कम उम्र के बालक बालिका नासमझी में हादसें का शिकार हो सकते है साथ ही साथ इनकी नादानी से दूसरों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ सकती है? इसी बात को लेकर आये दिन पुलिस

मुख्यालय भोपाल से आदेश जारी होता है कि पुलिस द्वारा इस प्रकार से वाहन चालकों के खिलाफ चैकिंग करते हुए सख्त कार्यवाही करे, मगर उसे आदेश का कही भी पालन होते हुए दिखाई नही देता है जिसका परिणाम यह सामने आने से नही चूकता है कि जिस प्रकार से सड़क दुर्घटनाएं घटित होती है उनमें अधिकांश मामलों में नाबालिंगों द्वारा वाहन दौड़ाने की सच्चाई सामने आने से नही चूकते है..? कुछ इस प्रकार से इन दिनों भी पुलिस द्वारा मा. उच्च न्यायालय के आदेश पर वाहन चैकिग अभियान तो चलाया जा रहा है मगर वह अभियान मात्र हेलमेंट तक सीमित रहना चर्चा का विषय बनाने के साथ पुलिस द्वारा इसमें भी निभाई जा रही औपचारिकता सबाल खड़े करने से नही चूक रही है? इस प्रकार से देखा जावे तो शायद पुलिस मुख्यालय से जारी होने वाले आदेशों का पालन करना स्थानीय अधिकारियों द्वारा कोई जरूरी नही समझा जाता है, जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी खतरे में दिखाई दे रही है और वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू नजर आ रहे है। क्योंकि जिस प्रकार से नगर की सड़को पर कम उम्र के बच्चों को वाहन दौड़ाते हुए देखा जा रहा है वह पुलिस प्रशासन की उदासीनता का खुला प्रमाण देते हुए जान पड़ रहे है, क्योंकि इस प्रकार से छोटे बच्चों को वाहन दौड़ाते हुए समय आगे निकलनें की होड़ रहती है जिसके चलते वह सड़कों पर अपने वाहन चलाते हुए एक दूसरें से आगे निकलने के लिए रेस लगाते है साथ ही बाइक की गति और सड़को पर अनोखे करतबो का प्रदर्शन करते हुए भीड़ भरी सड़को पर आसानी से देखे जाते है, वही दूसरी ओर देखा जावे तो शाम होतें ही नगर की सड़कों पर कई किशोर जिनकी उम्र की बात तो दूर जिस वाहन पर बैठे हुए होते है उनका उसके ब्रेकों तक पैर तक नही पहुंच पाते मगर इसके बाद भी उसे नगर की सड़कों पर जिस प्रकार से वाहन चलाको की धमाचौकड़ी शुरू होती है वह देर रात तक जारी रहने से लोगों का सड़को पर निकलना मुश्किल हो जाता है, इतना ही नही यह लोग नगर कें प्रमुख मार्गो पर हार्न बजातें हुए और तेज गति से वाहन दौड़ातें हुए रोजाना देखे जा सकते है कई मौको पर तो ये किसी दुर्घटना का शिकार होते हाते बच जाते है? मगर इस ओर न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और नही उनके अभिभावक जिसके चलते वाहन दौड़ाने वाले बच्चों के साथ साथ दूसरों की जिन्दगी के लिए भी खतरा पैदा होते हुए जान पड़ रहा है?

डीएसपी मिश्रा सहित नगर निरीक्षक द्वारा छात्र छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चलाई मुहिम

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

स्कूली बच्चों एवं छात्राओं की सुरक्षा को दुष्टिगत रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान, सायबर अपराध सहित यातायात के नियमों का पालन करने, सामाजिक कुप्रथाओं के प्रति छात्र छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा नगर के महाविद्यालय सहित स्कूली छात्र छात्राओं के बीच पहुंचकर उन्हें जरूरी कानूनी जानकारियों से अवगत कराते हुये पुलिस की मदद के लिये जागरूक किया गया। बताया जाता है कि चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा स्कूलों का लगातार भ्रमण कर स्कूली बच्चों एवं छात्राओं से जनसंवाद स्थापित कर छात्राओं को गुड टच, बेड टच के संबंध में बताते हुये सतर्कता व अपराध के प्रति विरोध के लिए जागरूकता के संबंध में समझाया जा रहा है व पुलिस की अपराधों के खिलाफ की जाने वाली कार्य प्रणाली से अवगत कराया। साथ ही उपस्थित स्कूली बच्चों एवं छात्राओं को महिलाओं पर होने वाले अपराध, यातायात नियम, नशा के विरुद्ध जागरूकता, बाल यौन शोषण, साइबर उत्पीड़न तथा बाल विवाह, दहेज प्रथा, के खिलाफ जैसे अपराधों के बारे मे जागरूक कर रोकथाम हेतु पुलिस की ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क एवं आकस्मिक सहायता हेल्पलाईन नम्बर- 112, महिला हेल्पलाईन 1090, सायबर हेल्पलाईन 1930 की जानकारी प्रदाय कर जागरुक किया गया है।

बजाग अस्पताल की हालत खस्ता

बजाग अस्पताल में मरीजों को नहीं मिल रहा खाना

हरिभूमि न्यूज बजाग।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग पहले से ही कम स्टाफ और संसाधनों की कमी से जूझता आ रहा है। आये दिन अस्पताल में डॉक्टर ना होने दवाई ना मिलने, डॉक्टर और स्टाफ द्वारा मरीजों से अभद्रता की खबरें आती रहती हैं, यहां तक कि यहां का स्टाफ और डॉक्टर मरीजों और पीड़ितों के परिजनों पर ही गुंडागर्दी का आरोप भी लगा देते हैं।

प्यास से तड़पता रहा मरीज नहीं मिला पानी

सिंगपुर निवासी रविदास अपने बीमार बच्चे को लेकर अस्पताल आये थे। उन्होंने बताया कि इलाज नर्स कर रही हैं। रात में परिजन तो दूर मरीज को खाना नहीं मिला और तो और मरीज के पिता ने रोते हुए बताया कि यहां पानी तक नहीं दिया गया । जबकि अस्पताल प्रांगण में ही हैंड पम्प लगा हुआ है लोगों ने बताया कि वह तीन महीने से खराब है लेकिन अस्पताल प्रबंधन के पास शायद समय ही नहीं कि मैकेनिक को बुलाकर उसे सुधरवाया जाए।

बी एम ओ और डॉक्टरों की चलती है दादागिरी

पहले खण्ड चिकित्सा अधिकारी आर मित्रा के समय डॉक्टर जरूर नहीं थे लेकिन व्यवस्थाएं काफी दुरुस्त थी लेकिन जबसे गोपाल मरावी को खण्ड चिकित्सा अधिकारी के रूप में भेजा गया है। यहाँ के प्रबंधन पर जिला प्रशासन का भी कोई बस नहीं चल रहा है। मरीजों से आये दिन अभद्र व्यवहार कर उल्टा उन पर ही थाने में शिकायत करने की धमकी अस्पताल स्टाफ से मिलना आम बात हो गई है। गांव के सीधे साधे लोग कई बार डर के कारण शिकायत के लिए सामने नहीं आ पाते। और तो और आपको याद हो कि बजाग के तत्कालीन एस डी एम से भी डॉक्टर भिड़ गए थे और लामबंद होकर स्तीफा देने की बातें कर रहे थे। मजबूरी में जिला प्रशासन को डॉक्टरों के विरुद्ध जारी आदेश निरस्त करना पड़ा था। जिसके बाद से इनके हौसले बुलंद हैं खण्ड चिकित्सा अधिकारी के पास कभी भी किसी भी समय जाइये वो अस्पताल में नहीं मिलते अपने रूम में ही मिलते हैं। इनकी कोई भी शिकायत कहीं भी की जाए कोई सुनवाई नहीं है। अभी हाल ही में बिना लिखा पढ़ी बिना जानकारी बिना सूचना अस्पताल प्रबंधन ने लाखों रुपये का पुराना समान उठा कर बेच दिया उस पर भी शिकायत के बाद और अखबारों में खबर छपने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई अब देखना है कि इस बार फिर कोई कार्यवाही होती है या नहीं।

खबर संक्षेप

बरगांव करौंदी में जगह-जगह फैले पड़े हैं कोडीनयुक्त कफ सीरप की खाली शीशियां

हरिभूमि न्यूज शहपुरा। विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरगांव करौंदी में युवा पीढ़ी को नशे की लत बढ़ती जा रही है। यहां जगह-जगह कोडीनयुक्त कफ सीरप की खाली शीशियां बिखरी पड़ी रहती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहां के कुछ स्थानीय युवा ही नशे की इन दवाइयों के काले कारोबार में संलिप्त हैं । यहां के युवा इन दवाइयों के इतने आदि हो चुके हैं कि 200 से 300 रू में इसे खरीदकर पीते हैं। आपको बता दें कि कोडीनयुक्त कफ सीरप के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगा हुआ है। बावजूद इसके धड़ल्ले से क्षेत्र में कोडीनयुक्त कफ सीरप की खेप रोज पहुंच रही है। सूत्रों के मुताबिक यह कफ सीरप कभी बसों के जरिए तो कभी पर्सनल वाहनों के जरिए क्षेत्र में पहुंच रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन को चाहिए की सख्ती से इसकी जांच कर इस पर रोक लगाई जाए जिससे कि युवा पीढ़ी का भविष्य बर्बाद होने से बच सके।

लोगों को काम के बदले परेशान कर रहे लोक सेवा केन्द्र के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज बजाग। तहसील मुख्यालय बजाग में स्थित लोक सेवा केन्द्र हमेशा से लोगों की सेवाओं को बेहतर ना बनाने और उचित सेवा ना देकर मनमानी पूर्वक लोगों को बहकाने को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। जिसके चलते आज भी आए दिन क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के व्यक्ति लोक सेवा केन्द्र के संचालकों की लापरवाही के चलते सुर्खियों में रहते हैं। एक ऐसा ही मामला लोक सेवा केन्द्र बजाग का आया है जहां इतवारी नाम का व्यक्ति न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व बजाग के द्वारा धारा 250 के तहत जेल भेजे जाने के केस की कापी लेने अनुविभागीय दंडाधिकारी के कार्यालय पहुंचे थे जिन्हें लोक सेवा केन्द्र में आनलाइन आवेदन करने को कहा गया जिसके बाद ही उन्हें केस की कापी मिलनी थी पर जब ग्रामीण लोक सेवा केन्द्र बजाग गया तो उन्हें लोक सेवा केन्द्र करंजिया जाने का कहकर कार्य को टाल दिया गया जिससे ग्रामीण दिनभर भटकता रहा। लोक सेवा केन्द्र में इस तरह की लापरवाही के चलते क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

विभागीय लापरवाही के चलते कुपोषण का शिकार हुई बिन मां की मासूम काव्या

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना मेंहदवानी में शासन की योजनाएं कागज में संचालित होते नजर आ रही है। कुपोषण के नाम पर भारी भरकम राशि खर्च करने के बाद धरातल में नजारा कुछ और ही नजर आ रहा है। ऐसा ही एक मामला विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी से महज तीन किलोमीटर दूर स्थित ग्राम सारसडोली में देखने को मिला जहां एक लगभग आठ माह की मासूम लाड़ली काव्या कुपोषण का शिकार है। काव्या को जन्म देने के तुरंत बाद इसकी मां की मौत हो चुकी है। काव्या के परिजन जैसे तैसे उसका पालन पोषण कर रहे हैं। मां के दूध से वंचित मासूम काव्या शासन की योजनाओं से भी वंचित है। कुपोषित काव्या के पिता सोहन साहू ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अभी तक कोई रूचि नहीं ली जा रही है जिससे बच्ची दिनों-दिन कमजोर होते जा रही है। कभी कभार पोषण आहार का पैकेट देकर औपचारिकता पूरी कर दिया जा रहा है। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों को गोद लेकर देखभाल करने का दम भरा जा रहा है ।

मेंहदवानी के कलगी टोला पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी। केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को पहुंचाने तथा देश प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा से अवगत कराने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है।

मेंहदवानी पुलिस ने शोरूम से नई बाईक लेकर उड़े युवक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।

पुलिस थाना मुख्यालय मेंहदवानी में बजाज शोरूम से धनतेरस 10 नवंबर को टेस्ट ड्राइव के बहाने नई बजाज पल्सर एनएस 200 कीमत लगभग 1.55 लाख रुपए को लेकर उड़े युवक को मेंहदवानी पुलिस ने लगभग डेढ़ महीने बाद बाईक सहित पकड़ने में सफलता प्राप्त किया है। जानकारी के अनुसार धनतेरस के दिन भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए आरोपी ने बाईक को ले उड़ा था। शोरूम मालिक ने घटना की सूचना मेंहदवानी पुलिस को दी थी। थाना प्रभारी प्रभु दास मोंगरे के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल एएसआई सुनील पटैल एवं प्रधान आरक्षक दिनेश जंघेला ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए आरोपी दीपक परिहार पिता हरप्रसाद परिहार उम्र 33 वर्ष निवासी सागर को वर्तमान पता गुप्ता क्रेशर मानेगांव जबलपुर से पल्सर बाइक के साथ पकड़ने में सफलता प्राप्त किया।

लाउड स्पीकर एवं खुले में मांस विक्रय पर जारी शासन की गाइडलाइन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देश को लेकर संपूर्ण प्रदेश में लाउड स्पीकर की ध्वनि एवं खुले में मांस विक्रय को लेकर की जा रही कार्यवाही पर स्थानीय पुलिस चैकी अमरपुर में एएसआई अतुल हरदहा द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में अमरपुर के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी और विभिन्न धर्म संप्रदाय के लोग उपस्थित रहे। जिन्हें शासन की गाइडलाइन बताई गई व गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य करने की बात कही गई। आयोजित बैठक में युसूफ खान,

जी एस ठाकुर, ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उद्दे, उपसरपंच शुभांशु चंद्रौल, रामविशाल ठाकुर, रमेश यादव, पप्पू ठाकुर, नरेंद्र साहू, रानू जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

भारतीय किसान संघ का कार्यालय का हुआ शुभारंभ

किसानों के लिए जारी करेगी हेल्प लाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।

किसानों के हर छोटी-बडी समस्याओं के समाधान करने के लिए भारतीय किसान संघ हर दम तैयार रहती है। संघ ने विगत दो वर्षों में जिला डिण्डोरी में 38 ट्रांसफार्मर सहित विभिन्न समस्याओं का समाधान किया है।

भारतीय किसान संघ के कार्यालय का शुभारंभ जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में विधि विधान से पूजा पाठ करके भगवान बलराम व भारत माता के तैलिय चित्र में पुष्प अर्पण करके विकासखंड शहपुरा में किया गया है इस कार्यक्रम में जिला डिण्डोरी के सभी विकासखण्ड के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित हुए है । संघ के इस कार्यक्रम के दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने निर्णय लिया है कि किसानों के मदद के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी किया जायेगा जिसका नाम 'जय बलराम' रखा जायेगा।

इस कार्यक्रम के दौरान भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष बिहारी लाल साहू ,जिलामंत्री अधिवक्ता निर्मल कुमार साहू, जिला मीडिया प्रभारी भीमशंकर साहू,जिला कोषाध्यक्ष विवेकानंद साहू,जिला सदस्य उदय सिंह मरावी,तहसील शहपुरा अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्या, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, मीडिया प्रभारी बसंत उद्दे,मेंहदवानी विकास खण्ड अध्यक्ष चिरौंजी लाल चंद्रोल,दादा जगदीश मरावी, ग्राम अध्यक्ष शिव कुमार झारिया,संमत सिंह ग्राम मंत्री दिनेश वरकडे खुमान सिंह, यशवंत साहू,सांभा,शारदा नामदेव आदि किसान बंधु रहे उपस्थित।

सर्व सोनी स्वर्णकार समाज शहपुरा के अध्यक्ष बने मनोज सोनी

-सोनी समाज ने दिया बधाई

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।

शहपुरा नगर के श्री राम मंदिर बाजार चैक में बैठक हुई सर्व सोनी स्वर्णकार समाज शहपुरा का 17 दिसंबर को सार्वजनिक श्री राम मंदिर बाजार चैक में बैठक हुई और कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया जिसमें अध्यक्ष मनोज सोनी जी उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी (एड), रामकिशन सोनी सचिव संतोष अवधिया (बबलू) सहसचिव प्रहलाद सोनी कोषाध्यक्ष राजू सोनी (राजेश) मीडिया प्रभारी हरिओम अवधिया (हनु) तथा तिलक वंदन और फूल माला से स्वागत कर संरक्षण एवं मार्गदर्शन में सभी वरिष्ठजनो को प्रभार दिया गया इसी कड़ी में समाज मे निरन्तर सक्रियता बनाये रखने हेतु हर माह प्रथम रविवार को बैठक आयोजित की जा रही है समाज में फैले मतभेद और रूढ़िवादी को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है जिसमे युवा के साथ वरिष्ठ समाज सेवियों की भी भागीदारी रहेगी सभी सोनी स्वर्णकार समाज को एक झंडे पर लाने का प्रयास तथा आस-पास शहपुरा मे आने वाले गांव के सभी सामाजिक लोगों को एक करने का प्रयास किया जायेगा। साथ मे सभी पदाधिकारी को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया, उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, खण्ड चिकित्सा अधिकारी समस्त, परियोजना अधिकारी समस्त महिला एवं बाल विकास, सेक्टर पर्यवेक्षक समस्त महिला एवं बाल विकास उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा एन0 आर0 सी0 में भर्ती बच्चों की समीक्षा की गई , शतप्रतिशत बैड क्षमता अनुसार बच्चों को एन0 आर0 सी0 में भर्ती किये जाने हेतु एवं आंगनवाडी केन्द्र के समस्त कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये गए। लाडली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त नवीन प्रकरणों की सेक्टरवार समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान श्रीमति हेमा उइके सेक्टर चांडा परियोजना बजाग ,तीजा धुर्वे सेक्टर ठाडपथरा परियोजना करंजिया ,सरोज सरौते सेक्टर अमेरा परियोजना शहपुरा , कमला मरावी सेक्टर अझवार परियोजना डिण्डौरी को लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि न होने के कारण, कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये गए । प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत वर्ष 2023-2024 में श्रीमति रामप्यारी सेक्टर पर्यवेक्षक बोंदर परियोजना बजाग ,संगीता बैरागी सेक्टर पर्यवेक्षक बरगांव परियोजना शहपुरा को लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि न होने के कारण कारण बताओं सूचना जारी करने के निर्देश दिये गए ।

जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय सुमित्रा बाल्मीकि राज्यसभा सांसद की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर जिले के राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। राष्ट्रीय खिलाड़ी रेशमी धुर्वे 17 वर्ष आयु समूह की 67 वी राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल स्पर्धा छपरा (बिहार) के लिए हुआ है। 25 से 29 दिसंबर तक मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुई भाग लेंगे ।कुमारी सविता सावित्री पट्टा 17 वर्ष आयु समूह विधा बालीबाल में 67 शालेय राष्ट्रीय त्रिचापल्ली (तमिलनाडु) के लिए चयन हुआ है। दिनांक 26 से 30दिसम्बर 2023 तक मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुई भाग लेंगी ।अंजलि कुशराम एवं मोहवती धुर्वे 19 आयु समूह की 67 वी शालेय राष्ट्रीय स्पर्धा सेपक टाकरा छपरा (बिहार) के लिए हुआ है। दिनांक 3 से 7 जनवरी 2024 तक मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुई भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि ये राष्ट्रीय खिलाड़ी विद्यालय ,विकासखंड, संभाग , विभागीय राज्य एवं शालेय राज्य स्तर तक की प्रतियोगिताओं में अपने उत्कृष्ट खेल कौशल प्रदर्शन के कारण चयन हुआ है। वॉलीबॉल कोच अनिल लोधी ,फुटबॉल कोच जागेश्वर नंदा,सेपक टकरा कोच रमा साहू के कुशल मार्गदर्शन में इन खिलाड़ियों ने उपलब्धि प्राप्त की है। प्राचार्य यशवंत साहू, डॉ दिनेश श्रीवास्तव,संदीप सोनी,पी डी पटेल,संध्या बरकड़े ने चल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दी है।

खबर संक्षेप

सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । विगत दिवस जनपद पंचायत के अंतर्गत वाली ग्राम पंचायत के सचिव दुर्गा प्रसाद पटेल, तीरथ डेहरिया एवं धीरज चढ़ार को सचिव संगठन द्वारा सेवानिवृत पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा शाल श्रीफल देकर विदाई दी गई तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई । उक्त मौके पर प्रदेश महामंत्री सचिव संगठन, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं सभी सचिव संगठन के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या मे जनपद पंचायत नरसिंहपुर सचिव उपस्थित रहे ।

चयन/ साक्षात्कार समिति की बैठक कल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से जिले में उद्यमिता विकास केन्द्र (सेडमैप) भोपाल/ नरसिंहपुर द्वारा टेली एकाउंट, गारमेंट मैकिंग फैंशन डिजाइनिंग, फूड प्रोसेसिंग ट्रेड में उद्यमिता सह कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त सभी ट्रेडों में प्राप्त आवेदन पत्रों के आवेदकों का चयन के लिए चयन/ साक्षात्कार समिति की बैठक 20 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र नरसिंहपुर के उद्यमिता प्रशिक्षण कक्ष में आयोजित की जायेगी।

धान उपार्जन हेतु अतिरिक्त उपार्जन केन्द्र निर्धारित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य एक दिसम्बर 2023 से 19 जनवरी 2024 तक पंजीकृत कृषकों से किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इन निदेर्शों के परिपालन में जिले में धान उपार्जन कार्य के लिए एक अतिरिक्त उपार्जन केन्द्र का निर्धारण किया गया है। गाडरवारा तहसील के अंतर्गत पूर्णिमा वेयर हाऊस रहमा हेतु सेवा सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर को खरीदी स्थल बनाया गया है।

स्वास्थ्य शिविर मे 177 मरीजों को दिया उपचार

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । विगत दिवस को शासकीय हाईस्कूल सिंहपुर बड़ा में चौकसे हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ डॉ. राशि राय चौकसे ने 177 महिला मरीजों का परीक्षण कर परामर्श व आवश्यक प्राथमिक दवायें निः शुल्क प्रदान की। शिविर में हिमोग्लोबिन, खून एवं पेशाब की प्राथमिक जांचें निः शुल्क की गई।

नही रहे अरविंद कुमार पटेल

हरिभूमि न्यूज - करेली । सोमवार को सरपंच ग्राम बीतली एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अरविंद कुमार पटेल का असमय निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बीतली (राजमार्ग) मे किया गया । जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

केन्द्र व राज्य शासन की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को मिले लाभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रभावी बनाया जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने तथा योजनाओं से हुये विकास से आम लोगों को अवगत कराने विकसित संकल्प भारत यात्रा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 26 जनवरी तक निकाली जायेगी। हितग्राहियों को योजनाओं का मौके पर ही लाभ दिलाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा शिविर का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में हो। इस यात्रा को प्रभावी बनाने के लिए लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने नरसिंह भवन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक में मौजूद अधिकारियों को दिये।

वंचित हिग्राहियों को दिलाया जावे लाभ

उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे। जहां यात्रा पहुंचने में समय है वहां केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गये हितग्राहियों को अभी से चिन्हित कर ऐसे हितग्राहियों से आवेदन लेकर यात्रा के दौरान ही उन्हें हितलाभ प्रदान किया जाये। यात्रा के दौरान की प्रत्येक गतिविधि को पोर्टल पर समय पर ऑनलाइन वीडियो और फोटो अपलोड करने के निर्देश भी दिये।

स्टाल लगाकर दी जाये सेवायें

प्रत्येक ग्राम पंचायत स्थल पर आयुष्मान कार्ड के वितरण, नये आयुष्मान कार्ड बनाने, किसान क्रेडिट कार्ड, ई-केवायसी एवं आधार अपडेशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के पात्र परिवारों की पात्रता पर्ची बनाने के शिविरों के साथ-साथ बैंको से जुड़ी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना एवं अटल पेंशन योजना के लिये भी अलग से स्टॉल लगाये जायें। बैंकर्स एवं गैस एजेंसी का स्टाफ

टीएल बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

भी इसमें मौजूद रहें। इसके लिए उन्हें पूर्व से ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के रूट चार्ट की तिथिवार जानकारी प्रदान की जाये। इसके अलावा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर विशेषकर टीबी एवं सिकलसेल की जांच के लिए भी आयोजित किये जायें। विभिन्न योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों की मेरी कहानी- मेरी जुबानी के वीडियो एवं सफलता की कहानी भी कार्यक्रम स्थल पर अन्य लोगों को बताई जाये। साथ ही प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के अनुभव, खेती में किये जाने वाले नवाचारों को भी साझा किया जाये। यात्रा में इन सभी गतिविधियों की मॉनीटरिंग जनपद पंचायत सीईओ स्वयं मौजूद रहकर करेंगे।

धान उपार्जन के कार्य को गंभीरता से किया जाय

बैठक में धान उपार्जन एवं गन्ना खरीदी कार्य की भी समीक्षा उन्होंने की। कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि धान उपार्जन पश्चात किसानों को समय पर भुगतान किया जाये। उपार्जन केन्द्रों पर नॉन एफएक्यू उपज की खरीदी नहीं हो। इसमें गड़बड़ी करने वालों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाये। इसके लिए सभी एसडीएम एवं तहसीलदार अपने- अपने क्षेत्रों में उपार्जन केन्द्रों का सतत रूप से निरीक्षण करेंगे एवं यहां मौजूद क्वालिटी सर्वेयर के सम्पर्क में रहेंगे। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को असुविधा नहीं हो, इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाये।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक हो निराकरण

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सुश्री बाफना ने 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश भी बैठक में अधिकारियों को दिये। अधिकारी विभागों के मूल कार्यों पर फोकस करें। एकीकृत वॉटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम के तहत बनाई जा रही जल संरचनाओं का भी निरीक्षण जनपद पंचायत सीईओ एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी करेंगे। जिले में स्वसहायता समूह की महिलाओं को मछली पालन हेतु प्रोत्साहित करने के लिए मत्स्य विभाग द्वारा डगपांड, अमृत सरोवर आदि में मछली के बीज उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

संबल योजना का पात्र व्यक्तियों को मिले लाभ

टीएल बैठक में उन्होंने संबल 2.0 योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भी निर्देशित किया और कहा कि उक्त योजनांतर्गत पात्र व्यक्तियों को अनुग्रह सहायता राशि एवं अंत्येष्टी सहायता राशि का लाभ प्रदान किया जाना जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ सुनिश्चित करें। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए जनजागृति पुस्तकालय संचालित किये जा रहे हैं। यहां का भी भ्रमण सीईओ जनपद व सीएमओ नगरीय निकाय करें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वसहायता समूहों द्वारा शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों की गणवेश तैयार करने का कार्य किया जाना है। ड्रेस निर्माण के इस कार्य का एसडीएम सतत रूप से अवलोकन करें। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि गुणवत्तायुक्त कपड़ा ही ड्रेस निर्माण में उपयोग हो। इसके लिए जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय क्वालिटी कंट्रोल टीम गठित की जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी भी उक्त कार्य की मॉनीटरिंग गंभीरता से करेंगे।

मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन नए वर्ष का कैलेंडर विमोचित

हरिभूमि न्यूज - करेली । गत दिवस मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नए वर्ष के बहुरंगी कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम स्थानीय विश्राम गृह परिसर मे रविवार को आयोजित किया गया, जिसमें करेली नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता नेमा के करकमलों से आकर्षण बहुरंगी कैलेंडर का विमोचन हुआ इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नेमा ने कहा कि यह आकर्षक कैलेंडर बहुरंगी के साथ-साथ विविध जानकारियों से परिपूर्ण हुआ है व आमजन के उपयोगी है। मैं वैश्य महासम्मेलन परिवार को नववर्ष की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं। आयोजन में जिला युवा ईकाई प्रभारी अमित जैन संजय, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी आशीष जैन, महिला ईकाई अध्यक्ष श्रीमती मीनू मंडलोई, तहसील प्रभारी श्रीमती सिंपल जैन, महामंत्री श्रीमती स्वीटी ब्रजपुरिया, श्रीमती नीलू गुप्ता मंचस्थ रहे। मोतीमाला से सभी मंचमणियों का सम्मान किया गया। अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन मे वैश्य महासम्मेलन द्वारा किये जा रहे समाजसेवी कार्यों हेतु शुभकामनाएं दी गई ।

अवसर पर सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ गीत कविताओं की भी प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री मुकेश सिंघई ने किया। पूरे मध्यप्रदेश में एक साथ- एक ही दिन कैलेंडर विमोचन किए जाने पर माननीय प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता, नरसिंहपुर जिले के प्रभारी प्रदेश महामंत्री संदेश जैन, प्रदेश मंत्री सुनील कोठारी, जिला अध्यक्ष बी.डी.सोनी, जिला प्रभारी पंकज चौकसे आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए करेली ईकाई की सक्रियता पर सराहना की है। इस मौके पर मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन परिवार के तहसील ईकाई प्रभारी राकेश बड़कुर, तहसील अध्यक्ष संजय ब्रजपुरिया, महामंत्री सुधीर जैन, डॉ. पंकज नेमा सहित महिला ईकाई युवा ईकाई के सदस्यों की उपस्थित रही ।

ब्रम्हांड घाट में चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज - करेली । मध्यप्रदेश की जीवन दायिनी मां नर्मदा के पावन तट भगवान ब्रह्मा की तपोभूमि ब्रम्हांड घाट पर नरसिंहपुर जिले के पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने अपने सहयोगियों के साथ स्वच्छता का संदेश देते हुए सफाई अभियान चलाया जिसके अंतर्गत सभी ने घाट की साफ सफाई की इसी के साथ राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने बताया की मां नर्मदा जीवनदायिनी है मां के दर्शन मात्र से लोगो का कल्याण होता है और आज हम इस घाट में मौजूद है इसे ब्रम्हांड घाट भगवान ब्रह्मा की तपोभूमि के नाम से जाना जाता है भगवान से यहां तप किया है और हम सभी का यह फर्ज बनता है की हम मां नर्मदा के साथ उनके घटो को भी स्वच्छ रखे और लोगो को भी जागरूक करे इसके साथ है समय समय पर हमारे द्वारा ऐसा अभियान चलाया जाता है जिससे हम लोगो को जागरक करे इस अवसर पर समाजसेवी धार्मिक जनों की उपस्तिथि रहीं ।

नीट व जेईई की तैयारी कराएगा शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । जिले के हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं की सुपर 100 योजना के तहत चयन परीक्षा सभी हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन एवं मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी एच पी कुर्मी द्वारा सबंधित प्राचार्य को परीक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निर्धारित समय सीमा में मूल्यांकन कर निर्धारित प्रपत्र में जानकारी वरिष्ठ कार्यालय भेजने हेतु निर्देश दिए गए। इस प्रक्रिया के माध्यम से चयनित छात्रों को सरकार द्वारा नीट, जेईई की परीक्षा के लिए स्टूडेंट्स को मुफ्त कोचिंग सुविधा जिला स्तर पर की उपलब्ध कराएगी।

'कैलेंडर का विमोचन'

तेंदूखेड़ा- विगत दिवस वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन पदाधिकारी और सदस्यों के बीच संपन्न हुआ।इस मौके पर तहसील प्रभारी राजीव अग्रवाल,अध्यक्ष अजय जैन, महामंत्री टिंकू अग्रवाल, सदस्य संजय स्वदेशी,महेश साहू, दिनेश जैन,विनोद नगरिया, पंकज स्वदेशी,प्रदीप कोठारी,अनूप रुसिया प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

अक्षत कलश का हुआ पूजन

तेंदूखेड़ा- समीपी ग्राम इमझिरा में अयोध्या धाम में आगामी 22 जनवरी को संपन्न होने जा रहे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की नवनिर्मित भव्य मंदिर में विराजमान प्राणप्रतिष्ठा को लेकर निमंत्रण अक्षत कलश का बड़े मंदिर में पूजन अर्चन किया गया तथा तेंदूखेड़ा,काचरकोना, टेकापार मदनपुर ईश्वरपुर के लोगों को अक्षत कलश भेंट किए गए। इस मौके पर पं चंद्रकांत चैबे,सरपंच दीवान राघवेन्द्र सिंह, दीवान लेखराज सिंह, शिवदयाल खेरोनिया सुरेंद्र खेरोनिया नीलेश खरे हीरेंद नायक नीरज राय संयम सोनी अंकेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमें श्रद्धालु

तेंदूखेड़ा- इन दिनों नगर के प्रतिष्ठित हरसिद्धि मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान चैथे दिन की कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें श्रद्धालु श्रोता जन्मोत्सव के समय झूमने मजबूर हो गए। गौरतलब रहे कि हरसिद्धि मंदिर में आयोजित यह कथा मां नर्मदा महिला मंडल के द्वारा आयोजित की गई है। मंडल की सभी महिलाओं ने राशि एकत्रित कर यह कथा आयोजित की गई है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहें हैं।आज मंगलवार को रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड पाठ तथा कल बुधवार को भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

14 ग्राम पंचायतों में पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । भारत शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को पात्र अंतिम व्यक्ति तक लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में आयोजित की जा रही है। इस यात्रा का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में भारत शासन की 19 और शहरी क्षेत्रों में 16 योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाना है। इसके जिले में अलग- अलग 7 वाहनों के लिए दिनांकवार रूट चार्ट जारी किया है। रूट चार्ट के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के लिए 19 दिसम्बर को वाहन क्रमांक एक जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत डोंगरगांव (नर्मदा) व मुगार्खेड़ा पहुंचेगी। वाहन क्रमांक दो जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत सांकल व बुधगांव पहुंचेगी। वाहन क्रमांक 3 जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत मेहरागांव पहुंचेगी। वाहन क्रमांक 4 जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत कुम्हरोड़ा व बिचुआ पहुंचेगी। वाहन क्रमांक 5 जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत मारेगांव व बसुरिया पहुंचेगी। वाहन क्रमांक 6 जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत खमरिया व रम्पुरा पहुंचेगी। वाहन क्रमांक 7 जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत सूकरी व रमखिरिया पहुंचेगी।

रक्तदान शिविर से होगा प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । स्थानीय नेता सुभाष चंद्र बोस मिनी स्टेडियम ग्राउंड में मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान स्वर्गीय मोनू भैया की स्मृति में अंतर राज्य स्तरीय लेदर बॉल यूनिटी कब क्रिकेट टूनार्मेंट सहयोग कीड़ा मंडल गोटेगांव के द्वारा दिनांक 22 से 28 दिसंबर 2023 तक आयोजित किया जा रहा। खेल में विजेता टीम को 1 लाख रुपये नगद सील्ड कप एवं उपविजेता टीम को 50000 नगद सील्ड कप, मैन ऑफ द मैच 1000, ट्रॉफी मैन ऑफ सीरीज 10000, ट्रॉफी, बेस्ट कैचर, बेस्ट फील्डर, बेस्ट बॉलर, बेस्ट कीपर, बेस्ट बल्लेबाज, बेस्ट दर्शक को इनाम दिया जाएगा। समापन के पूर्व विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नई शासकीय अस्पताल में आयोजित किया गया है। मणिनागेन्द्र सिंह फाऊंडेशन यूनिटी कप क्रिकेट टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि सरदार सिंह पटेल सचिव मणिनागेंद्र सिंह फाऊंडेशन, प्रहलाद सिंह पटेल पूर्व केंद्रीय मंत्री विधायक नरसिंहपुर, जालम सिंह पटैल पूर्व राज्यमंत्री पूर्व विधायक नरसिंहपुर, महेन्द्र नागेश विधायक गोटेगांव होंगे ।

जन शिक्षा केंद्र स्तरीय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय के संध्या प्रमुख की जन शिक्षा केंद्र स्तरीय बैठक जिला परियोजना सम्यक के निर्देशन एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक के मार्गदर्शन में जन शिक्षा केंद्र प्रभारियों द्वारा आयोजित की गई । जिसमे अर्धवार्षिक मूल्यांकन के आयोजन के पूर्व बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति, मिशन अंकुर के तहत कक्षा पहली से तीसरी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान में बच्चों के आवधिक आंकलन कर ट्रैक करना, वर्कबुक नियमित जांच करने, कक्षा तीन की मिडलाइन टेस्ट निपुण भारत के तहत कक्षा 3 के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना ,विद्यालय में शत प्रतिशत छात्र - छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों द्वारा टेबलेट के माध्यम से शिक्षण कार्य, शाला में साप्ताहिक बाल केबिनेट में देश, प्रदेश की विशेषताओं से अवगत कराना, शाला प्रबंधन की बैठक में छात्र छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा करना, नव भारत साक्षरता अंतर्गत चिन्हित असाक्षरों को सामाजिक चेतना केंद्र पर कक्षाये संचालित कर विधिवत रिकार्ड संधारण करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।